वैशाख कृष्ण पक्ष चतुर्थी
विक्रम संवत 2082

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

गुरुवार, 17 अप्रैल 2025
वर्ष 6, अंक 146, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

अमृत विचार
बरेली
एक सम्पूर्ण अखबार

PAGE NO 5 : BOTTOM

# आर्मी पब्लिक, केवी एनईआर की जीत



अमर सिंह बख्शी को स्मृति चिह्न देते एसआरएमएस ट्रस्ट के अध्यक्ष आदित्य मूर्ति।

- **श्रीराम मूर्ति मेमोरियल इंटर स्कूल फुटबॉल टूर्नामेंट शुरू**
- **बेदी इंटरनेशनल के वाक ओवर की वजह से मानस स्थली विजेता**

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** एसआरएमएस कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी में बुधवार को श्रीराम मूर्ति मेमोरियल इंटर स्कूल फुटबॉल टूर्नामेंट की शुरुआत हुई। पहले मैच में बेदी इंटरनेशनल स्कूल के न आने से मानस स्थली को वाक ओवर से विजयी घोषित किया गया।

दूसरा मैच एसआर इंटरनेशनल और आर्मी पब्लिक स्कूल की टीमों के बीच हुआ। आर्मी पब्लिक स्कूल के अनघ ने 48वें मिनट में गोल किया। एसआर इंटरनेशनल की टीम कोई गोल नहीं कर सकी और आर्मी पब्लिक स्कूल ने मैच जीत लिया।

तीसरा मैच सेक्रेड हार्ट्स और पीएम श्री केवी एनईआर की टीमों के बीच हुआ। सेक्रेड हार्ट्स के विशेष ने तीसरे मिनट में ही गोल कर टीम को बढ़त दिला दी। पीएम श्री केवी एनईआर के आदित्य ने आठवें मिनट में गोल कर मैच को 1-1 से बराबरी पर ला दिया। 14वें मिनट में विशेष ने फिर एक गोल कर सेक्रेड हार्ट्स को बढ़त दिलाई। मैच के अंतिम मिनटों में सुप्रीत और आदित्य सिंह ने 1-1 गोल कर केवी एनईआर को 3-2 से आगे कर दिया और जीत हासिल की।

चौथा मैच एयरफोर्स स्कूल और विद्या वर्ल्ड स्कूल के बीच हुआ। विद्या वर्ल्ड के अश्मित ने 19वें मिनट में गोल कर अपनी टीम को बढ़त दिलाई लेकिन अगले ही कुछ मिनट में एयरफोर्स के ध्रुव ने गोल कर मैच बराबरी पर कर दिया। 44वें ओवर में ध्रुव ने एक और गोल कर दिया और एयरफोर्स ने 2-1 से जीत दर्ज की।

इससे पहले बरेली फुटबॉल संघ से मान्यता प्राप्त टूर्नामेंट की एसआरएमएस ट्रस्ट के सचिव आदित्य मूर्ति ने बरेली फुटबाल संघ के अध्यक्ष अमर सिंह बख्शी, सचिव मून राबिंसन, उपाध्यक्ष देवेंद्र सिंह देवलिया, ऑर्गनाइजिंग सेक्रेटरी डॉ. सोवन मोहंती, नितिन सक्सेना, शंकरपाल के साथ खिलाड़ियों के बीच ट्राफी का अनावरण किया। आदित्य मूर्ति ने कहा कि ट्रस्ट अपनी स्थापना से सभी खेलों को बढ़ावा देता आ रहा है। खिलाड़ी प्रदेश एवं राष्ट्रीय स्तर पर अपने साथ बरेली का मान बढ़ाएंगे। अमर सिंह बख्शी ने टूर्नामेंट को फुटबाल खिलाड़ियों के लिए बड़ा मंच बताया। उन्होंने कहा कि ऐसे टूर्नामेंट से फुटबाल की ओर भी बच्चों का रुझान बढ़ेगा और अच्छे खिलाड़ी निकल कर सामने आएंगे। इस अवसर पर कामरान असरफ, वरिष्ठ कोच एसपी सिंह, रेफरी महेश चंद्र, आशू कंडारी, प्रमोद पंत, मुन्ना और आशू भारती मौजूद रहे।